**Dainik Jagran, Begusarai, 01/01/2026**

**Page No: 01, Size: 4.15cm × 13.89cm**

# राज्य में पीएनजी व सीएनजी प्रति यूनिट एक रुपये हुई सस्ती

जागरण संवाददाता, पटना : नए वर्ष की शुरुआत के साथ ही राज्यवासियों को राहत मिली है। घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) और सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) की कीमतों में एक रुपये प्रति यूनिट की कटौती की गई है। घटे हुए दाम एक जनवरी से प्रभावी हो गए हैं, इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। गेल इंडिया के डीजीएम मो. ग्यूर ने बताया कि मूल्य में की गई यह कमी उपभोक्ताओं की सुविधा और खर्च में राहत को ध्यान में रखते हुए लागू की गई हैं। नई दरों के अनुसार, घरेलू पीएनजी की कीमत अब 50.44 रुपये प्रति एससीएम से घटकर 49.44 रुपये प्रति एससीएम हो गई है। वहीं, सीएनजी की कीमत 88.90 रुपये से घटाकर 87.90 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि आगे भी कीमतों में स्थिरता बनी रहेगी, इससे राजधानी के उपभोक्ताओं को निरंतर लाभ मिलता रहेगा।

Dainik Jagran, Patna, 01/01/2026
Page No: 5, Size: 8.41cm × 15.35cm

# पीएनजी-सीएनजी सस्ती एक रुपये घटी कीमत

जागरण संवाददाता, पटनाः राजधानी में घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) और सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) की कीमतों में एक रुपये प्रति यूनिट की कटौती की गई है। घटे हुए दाम एक जनवरी से प्रभावी हो गए हैं, गेल इंडिया के डीजीएम मो. ग्यूर ने बताया कि नई दरों के अनुसार, घरेलू पीएनजी की कीमत अब 50.44 रुपये प्रति एससीएम से घटकर 49.44 रुपये प्रति एससीएम हो गई है। वहीं, सीएनजी की कीमत 88.90 रुपये से घटकर 87.90 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई है।

Dainik Jagran, Meerut, 01/01/2026
Page No: 5, Size: 8.41cm × 25.72cm

# घरेलू पीएनजी अब 48.50 और सीएनजी 86.05 रुपये हुई

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** गेल गैस लिमिटेड ने नववर्ष के उपलक्ष्य में उपभोक्ताओं को उपहार दिया है। पीएनजी व सीएनजी की दर एक रुपये घटा दी गई है। यह एक जनवरी यानी गुरुवार से लागू हो जाएगी। सीएनजी अब 86.05 रुपये प्रति किग्रा हो गई है। इसी तरह से पीएनजी की दर अब 48.50 रुपये प्रति एससीएम कर दी गई है। गौरतलब है कि पीएनजी की यह घटी हुई दर सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए है। व्यावसायिक व औद्योगिक दरों में परिवर्तन नहीं किया गया है। गेल गैस लिमिटेड के मेरठ के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर यह दरें घटाई गई हैं।



**Hindustan, Meerut, 01/01/2026**
Page No: 5, Size: 11.43cm × 9.92cm

# सीएनजी-पीएनजी के रेट हुए कम

**मेरठ।** नए साल पर गेल गैस लिमिटेड ने सीएनजी और घरेलू पीएनजी के दामों में एक रुपये की कटौती कर दी है। एक जनवरी से उपभोक्ताओं को घटे दामों पर सीएनजी और पीएनजी मिलेगी।

यह जानकारी गेल गैस के महाप्रबंधक विनय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से उपभोक्ताओं को सीएनजी 86.05 रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू पीएनजी 48.5 प्रति एससीएम की दर से मिलेगी। सीएनजी और पीएनजी के दामों में एक रुपये की कटौती गेल गैस की तरफ से उपभोक्ताओं के लिए नए साल का तोहफा है। उधर, लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव राज कुमार शर्मा ने दिल्ली, एनसीआर एवं उत्तर पदेश में पीएनजी के दाम घटाए जाने का स्वागत किया। लघु उद्योग भारती काफी समय से इस मांग को विभिन्न मंचों पर उठा रही थी। हरियाणा में पीएनजी के बराबर अब उत्तर प्रदेश में भी रेट्स हो जाने के कारण उद्योगों के तरक्की के नए रास्ते खुल गये हैं।

Hindustan, Jamshedpur, 01/01/2026
Page No: 4, Size: 14.47cm × 14.92cm

# घरेलू पीएनजी-सीएनजी का दाम एक रुपया घटाया

**जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता।** गेल इंडिया लिमिटेड ने पूर्वी सिंहभूम जिले में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के तहत पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के दाम में कटौती की घोषणा की है। घरेलू पीएनजी की कीमत 1 जनवरी से 1 रुपया प्रति एससीएम घटाकर 47.30 रुपये प्रति एससीएम कर दी गई है।

गेल के महाप्रबंधक एवं जीए इंचार्ज गौरी शंकर मिश्रा ने बताया कि कदमा, सोनारी, रामनगर तथा टाटा स्टील कॉलोनियों सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग 180 अपार्टमेंट्स को गैस आपूर्ति उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षित तथा सुविधाजनक पोस्टपेड पीएनजी को घरेलू उपयोग के लिए अपनाएं।

सीएनजी उपभोक्ताओं के लिए भी राहत की घोषणा की गई है, जिसके तहत सीएनजी की कीमत में 1 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी की गई है। पूर्व दर 90.58 रुपये प्रति किलोग्राम की तुलना में अब संशोधित दर 89.58 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

**Dainik Bhaskar, Sonipat, 01/01/2026**
Page No: 3, Size: 14.31cm × 14.21cm

**सीएनजी का प्रेशर बनी समस्या** • जिलेभर में गैस पंप संचालक परेशान

# छह महीने के बाद जुड़ी गैल गैस लाइन में नहीं सीएनजी का प्रेशर, पंपों पर गाड़ियों की लाइन

भास्कर न्यूज | सोनीपत

जुलाई महीने में बागपत से यमुना के रास्ते सोनीपत में सप्लाई की जाने वाली गेल गैस की पाइप लाइन यमुना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके बाद से जिलेभर में सीएनजी का संकट बना था। करीब तीन दिन पहले गेल गैस द्वारा पाइप लाइन को जोड़ने की घोषणा कर पंप संचालकों को सप्लाई के लिए आश्वासन दिया गया था। जिसके बाद बड़ी संख्या में पंप संचालकों ने सिलेंडर मंगाने की प्रक्रिया को बंद कर दिया। लेकिन गेल गैस की पाइप लाइन में प्रेशर नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण एजेंसी संचालकों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्योंकि सिलेंडरों से गैस मंगाना बंद कर दिया और लाइन में प्रेशर नहीं बन रहा है। इससे पंपों पर वाहन चालकों की लंबी कतार लग रही है। लेकिन किसी को भी जरूरत की सीएनजी नहीं मिल पा रही है।



सोनीपत . शहर के सीएनजी पंप पर लगी वाहनों की लाइन।

*गेल द्वारा करीब छह महीने के बाद लाइन को जोड़ने की बात कही गई थी। जिससे आस जगी थी कि अब सीएनजी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी। लेकिन लाइन में प्रेशर बहुत कम है। इसके कारण गाड़ियों में सीएनजी फील नहीं हो पा रही है। – **परविंदर खत्री, प्रेसीडेंट पेट्रोल पंप एसोसिएशन सोनीपत।***

जिले के करीब 24 हजार सीएनजी वाहन चालकों की मुसीबत बनी है। हालांकि सिलेंडर आधारित पंपों पर लोगों को कुछ राहत मिल रही थी। क्योंकि एचपीसीएल की यूनिट गन्नौर में ही है, जहां से जरूरत के हिसाब से सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। इससे कुछ राहत जरूर है, लेकिन बड़ी संख्या में परेशान ही है, क्योंकि गेल के 23 पंप सूखे पड़े हैं। जिले में गेल गैस के 23 सीएनजी स्टेशन संचालित हैं। जबकि 24 हजार से ज्यादा वाहन पंजीकृत हैं। बड़ी संख्या में लोग सीएनजी के लिए दिल्ली के नरेला और बॉर्डर इलाके पर निर्भर हो गए हैं।